DAINIK JAGRAN
12 SEPTEMBER,2019

# एफआरआइ में वन शहीदों को किया नमन

देहरादून : वन अनुसंधान संस्थान (एफआरआइ) ने राष्ट्रीय वन शहीद दिवस पर वन व वन्यजीवों की रक्षा करते हुए बलिदान देने वाले शहीद कार्मिकों को नमन किया। बुधवार को एफआरआइ परिसर स्थित वन शहीद स्मारक पर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद (आइसीएफआरई) के महानिदेशक डॉ. एससी गैरोला ने कहा कि दुरूह वनों में अपनी जिम्मेदारी को सर्वोपरि मानने वाले कार्मिकों से सभी को प्रेरणा लेनी चाहिए। वन शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में एफआरआइ के निदेशक एएस रावत, आइजीएनएफए के निदेशक ओमकार सिंह, सुप्रीम कोर्ट मॉनिटरिंग कमेटी के सचिव एमसी घिल्डियाल, अपर प्रमुख वन संरक्षक पंकज अग्रवाल आदि शामिल रहे। (जासं)

GADH SAMVEDNA
12 SEPTEMBER,2019

# एफआरआई में मनाया गया वन शहीद दिवस

## महानिदेशक डा. एससी गैरोला समेत तमाम अधिकारियों व कर्मियों ने याद किया शहीद वन रक्षकों को

**देहरादून, गढ़ संवेदना संवाददाता।** वन अनुसंधान संस्थान परिसर में स्थित ''वन शहीद स्मारक'' के प्रांगण में राष्ट्रीय वन शहीद दिवस मनाया गया। यह दिवस वनों तथा वन्यजीव की सुरक्षा हेतु अपने जीवन का बलिदान करने वाले वन रक्षकों की




याद में मनाया गया। इस अवसर पर भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद् के महानिदेशक डा० एस०सी० गैरोला, वन अनुसंधान संस्थान के निदेशक अरूण सिंह रावत, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वन अकादमी के निदेशक ओमकार सिंह, सुप्रीम कोर्ट मॉनीटरिंग कमेटी के सचिव एम०सी० घिल्डियाल, रीजनल कार्यालय के एडीशनल पी०सी०सी०एफ० पंकज अग्रवाल मौजूद थे।

वन शहीद दिवस के इस अवसर पर भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद् व वन अनुसंधान संस्थान के वैज्ञानिक, वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारीगण, केन्द्रीय राज्य वन प्रशिक्षण अकादमी के ट्रेनीज, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वन अकादमी के भारतीय वन सेवा परिवीक्षार्थी, रीजनल ऑफिस के अधिकारी, कर्मचारी, आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का समापन वन शहीदों की याद में दो मिनट के मौन के साथ सम्पन्न हुआ।

THE HAWK
12 SEPTEMBER,2019

# National Forest Martyrs Day Observed At FRI




**Dehradun:** To commemorate foresters who had laid down their lives to protect forests and wildlife, National Forest Martyrs Day was observed today on 11 September, 2019 at Forester Memorial, Brandis Road, Forest Research Institute, Dehradun campus. Dr S.C. Gairola, Director General, Indian Council of Forestry Research and Education; Sh. Arun Singh Rawat, Director, Forest Research Institute; Sh. Omkar Singh, Director, Indira Gandhi National Forest Academy; Sh. M.C. Ghildiyal, Secretary, Supreme Court Monitoring Committee; Sh. Pankaj Aggarwal, APCCF, Regional Office, Dehradun, Senior Forest officials, Scientists and employees of ICFRE & FRI paid floral tributes on the foresters memorial at FRI to honour and remember all men and women who have given the ultimate sacrifice for forests and wildlife. National Foresters Martyrs Day was also attended by a large number of employees from ICFRE and FRI, IGNFA IFS Probationers, CASFoS trainees. A two-minute silence was observed in memory of the martyr's ends.

I-NEXT
12 SEPTEMBER,2019

# एफआरआई में राष्ट्रीय वन शहीद दिवस

dehradun@inext.co.in

**DEHRADUN (11 Sept.):** एफआरआई परिसर में राष्ट्रीय वन शहीद दिवस मनाया गया. यह दिवस वनों एवं वन्यजीवों की सुरक्षा के लिए जीवन का बलिदान करने वाले वन रक्षकों की याद में मनाया गया. इस अवसर पर भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद् के महानिदेशक डा एससी गैरोला, एफआरआई के डायरेक्टर अरुण सिंह रावत, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वन एकेडमी के डाइरेक्टर ओमकार सिंह, सुप्रीम कोर्ट मॉनीटरिंग कमेटी के सचिव एमसी घिल्डियाल, रीजनल कार्यालय के एडिशनल पीसीसीएफ पंकज अग्रवाल आदि उपस्थित थे. इस मौके पर शहीदों की याद में दो मिनट का मौन रखा गया.

**वनों की रक्षा करते हुए जान देने वालों को दी गई श्रद्धांजलि**